नईदुनिया



# जून माह में पहली बार 44 डिग्री पार पहुंचा प्रदेश का पारा

## ग्वालियर-चंबल संभाग में लू का अलर्ट

भोपाल(काप्र)।

**मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश के बीच तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है। रविवार को इस सीजन के जून माह में पहली बार प्रदेश का तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया। छतरपुर में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश के 21 जिलों में तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार 9 और 10 जून को ग्वालियर-चंबल में लू चलने का अलर्ट है।**

मौसम विभाग ने जून माह में पहली बार लू का अलर्ट जारी किया है, जिसके अनुसार सोमवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर और पन्ना में लू चलेगी । जबकि सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन और बड़वानी में गरज-चमक और बारिश वाला मौसम रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 10 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा है। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री लेट हो रही है। अगले 3 से 4 दिन तक मानसून के आगे बढ़ने की संभावना कम ही है। बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा और सिवनी में आंधी, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट है। वहीं, सोमवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना में लू का अलर्ट है। सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन और बड़वानी में गरज-चमक और बारिश वाला मौसम रह सकता है। प्रदेश में शनिवार को मौसम के दो रंग देखने को मिले। इंदौर, नर्मदापुरम और बड़वानी के सेंधवा में हल्की बारिश हुई। वहीं, ग्वालियर समेत 13 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, खजुराहो और गुना में पारा 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, ग्वालियर, नौगांव, शाजापुर, सतना, टीकमगढ़ और शिवपुरी में 41 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। उज्जैन, सीधी, रीवा, सागर और रतलाम में तापमाान 40.2 से 40.8 डिग्री तक रहा।

# संतनगर मंडल में संकल्प से सिद्धि तक कार्यशाला, मोदी के 11 साल पर चर्चा

**भोपाल ( हिनप्र )। भाजपा संतनगर मंडल द्वारा संकल्प से सिद्धि तक विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सफल 11 वर्ष के कार्यकाल और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

कार्यशाला में मुख्य वक्ता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम बंसल और जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के 11 वर्षों की उपलब्धियों और आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि कैसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है और भविष्य में किन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी ने की, उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला कार्यकर्ताओं को पार्टी के विचारों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद करेगी। कार्यशाला में चंदू भैया, माखन सिंह राजपूत, जोन अध्यक्ष विकास मारण, किशन अच्छानी, बसंत चेलानी, महामंत्री सूरज यादव, बबलू चावला, शेट्टी चंदनानी, सुमित आहूजा, उमेश नागर, प्रदीप मेवाड़ा व सभी कार्यक्रमों के संयोजक , सहसंयोजक, मंडल के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और सभी बूथों के अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में पहुंचकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों से उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। इस अवसर पर सागर ग्रुप के चेयरमैन सुधीर अग्रवाल तथा चिकित्सकगण मौजूद थे।

# सरकार ने 41 सीएमएचओ और सिविल सर्जन बदले

## पांच साल से भोपाल में जमे डॉ. प्रभाकर तिवारी को हटाया

भोपाल(काप्र)।

**प्रदेश सरकार ने भोपाल सहित प्रदेश के 41 सीएमएचओ और सिविल सर्जन के पदों पर बदलाव किए हैं। डॉ. प्रभाकर तिवारी, जो 5 वर्षों से भोपाल के सीएमएचओ थे, को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में भेजा गया है। उनकी जगह डॉ. मनीष शर्मा को भोपाल का नया सीएमएचओ नियुक्त किया गया है, जो ग्वालियर में उप संचालक के रूप में पदस्थ थे।**

डॉ. मनोज हुरमाडे को भोपाल से बैतूल भेजा गया है, और डॉ. दिनेश खत्री को रायसेन से राजगढ़ भेजा गया है। अन्य जिलों में भी कई सीएमओ और सिविल सर्जन के तबादले हुए हैं, जिनमें इंदौर, सिवनी, धार, छतरपुर, शाजापुर, नरसिंहपुर और राजगढ़ शामिल हैं। जिन अधिकारियों के तबादले हुए हैं उनमें डॉ. राजेश अठ्या को कटनी से दमोह, डॉ. राज सिंह ठाकुर को कटनी में प्रभारी सीएमएचओ, डॉ. मनोज हुरमाडे को भोपाल से बैतूल, डॉ. दिनेश खत्री को रायसेन से राजगढ़, डॉ. बी.के. वर्मा को दतिया में प्रभारी सीएमएचओ, डॉ. दर्पण टोके को बुरहानपुर में सिविल सर्जन, डॉ. व्ही.एस. चंदेल को उमरिया में प्रभारी सीएमएचओ, डॉ. अलका त्रिवेदी को अशोकनगर में प्रभारी सीएमएचओ, डॉ. माधव हसानी को इंदौर में प्रभारी सीएमएचओ, डॉ. पवन जैन को ग्वालियर में राज्य स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान के प्रभारी संचालक, डॉ. रामकुमार गुप्ता को ग्वालियर प्रशिक्षण केंद्र में प्रभारी प्राचार्य इसके अलावा जबलपुर, उज्जैन, टीकमगढ़, मंडला, विदिशा, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में भी सिविल सर्जन और सीएमएचओ बदले गए हैं।

# सिंधी टैलेंट हंट का ऑडिशन, फाइनल 14 को

**भोपाल ( हिनप्र )। वीना कला एवं सेवा समिति, संतनगर द्वारा साध्वी द्रोपदी धनवानी की स्मृति में आयोजित %सिंधी टैलेंट हंट% के ऑडिशन रविवार को साधु वासवानी स्कूल में हुए। सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चले इन ऑडिशनों में सिंधी भजन गीत, सिंधी डांस और सिंधी एक्टिंग श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।**

जजों ने ऑडिशन के उपरांत फाइनल के लिए प्रतिभागियों का चयन किया। सिंधी डांस श्रेणी में 10 बच्चों का चयन हुआ है, जिनमें मान्या केवलानी, सौम्या खूबचांदनी, तान्या मुरजानी, दिव्यान इसरानी, परी केवलानी, देविका नेभवानी, मिश्ता खुशहालनी, कनिष्का आहूजा, रूही सतानी, और सुहानी गिड़वानी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अंकिता प्रजापति द्वारा एक विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी।



सिंधी सिंगिंग में गोविन्द भगत, निवांश राजानी, अंश केवलनी, भावना ठाकुरानी, रोमा हरचंदनी, भूमिका सभनानी, और मानसी लालवानी ने अपनी जगह बनाई है। वहीं, एक्टिंग श्रेणी में कृष्णा आसवानी, दक्ष लालवानी, हिमांशी ठाकुरानी, हर्षित नारवानी, नायरा भम्भानी, लक्ष मूलचंदनी, और प्रेरणा बेलानी का चयन हुआ है। जज के रूप में अशोक बुलानी, दिलीप लालवानी, परसो नाथानी, नरेश गिड़वानी, आर.के. गिड़वानी, महक भरवानी, ज्योति चावला, कल्पना चांदनी, हर्षा मूलचंदनी और सरिता ख्यानी उपस्थित रहीं।

# रानी कमलापति वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण

भोपाल (काप्र)।

भोपाल में तारा सेवनिया ग्राम पंचायत में रानी कमलापति फाउंडेशन द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम किया जिसमें मुख्य अतिथिगण एव कई थाना प्रभारी उपस्थित रहे इसी मौके पर गांधीनगर टीआई बृजेंद्र मर्सकोले, लोकायुक्त टीआई घनश्याम मर्सकोले, हनुमानगंज थाना अवधेश भदोरिया, काशीराम कुशवाहा टीआई, डॉक्टर सुरेश ऑर्थोपेडिक सर्जन हमीदिया हॉस्पिटल एसीपी अंकित खातरकर मुख्य अतिथि की तौर पर रहे रानी कमलावती वेलफेयर की फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ रजनी मालवीय टीम कांस्टेबल सीमा सिंह ऊषा, सतीश यादव, बुशरा परवीन, मयंक ठाकुर, डॉ महेंद्र जादौन, जगदीश जोशी, जय रजक सभी लोग टीम के उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया आज कल मनुष्य सिर्फ अपनी सुख-सुविधाओं और आराम के लिए काम कर रहा है। लोग अपना आज देख रहे हैं अपनी आने वाली पीढ़ी का कल नहीं। इसी वजह से अधिकांश लोगों को न तो पर्यावरण की चिंता होती है और न ही धरती की। ऐसे लोगों को जागरूक करने



के लिए हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। आज इस खास दिन पर देशभर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कहीं जागरूकता रैली तो कहीं सभाएं हो रही हैं।

इसी खास मौके पर रानी कमलावती वेलफेयर की फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ रजनी मालवीय कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए हमें हमारी पुरानी संस्कृति और सभ्यता को अपनाने की अति आवश्यकता है, हमारे पूर्वजों से हमनें सीखा था , कि घर ,खलिहान, खेत की मेड़ों पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाते है, हमनें मार्डन बनने की होढ़ में प्रकृति से खिलवाड़ कर बैठे, ओर आर्टीफिशियल सजावट को अपना बैठे, जबकि पहले हमारे घरों की पहचान ओर स्वागत द्वार पेड़ हुआ करते थे।

# सृजन कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न

**भोपाल ( काप्र )। राजधानी के अयोध्या नगर थाना मध्य प्रदेश पुलिस एवं मीत संस्था व लायंस क्लब भोपाल यूनाइटेड के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सृजन कार्यक्रम का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ।**

इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पूर्ण करने में सहयोगी लायंस क्लब भोपाल यूनाइटेड व लोकोत्थ की मुख्य भूमिका रही। यह 20 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों को आत्मरक्षा, सामाजिक जागरुकता, कानूनी अधिकारों तथा आत्मविश्वास से सशक्त



बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

समापन समारोह में लगभग 400 प्रतिभागी, जिनमें 130 बच्चे और उनके अभिभावक शामिल थे, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति भारत की बेटी दी गई।

एक शिक्षाप्रद नाटक का मंचन भी किया गया, जिसे सृजन की बाल प्रतिभागी सिमरन ने लिखा और निर्देशित किया था। इस नाटक ने सोशल मीडिया के प्रभाव और बच्चों की भूमिका को उजागर किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी व्यक्तिगत कहानियाँ साझा कीं। एक बालक ने बताया कि किस प्रकार सुबेदार ऋतुराज जी की प्रेरणा से उसने अपनी रुकी हुई पढ़ाई फिर से शुरू करने का निर्णय लिया।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### एनडीए सरकार ने किया 11 साल में...

हैं। उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। मोदी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा कि हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वह दौर भी देखा है, जब उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता था लेकिन आज वे ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 वर्ष में हमारी नारीशक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।

### आतंकवाद के मुद्दे पर यूरोप...

है। हमने यह संदेश दिया है कि अगर सीमा पर कोई आतंकवादी गतिविधि देखी जाती है, तो उसका जवाब अलग होगा। हमने किसी देश से मध्यस्थता की मांग नहीं की। जर्मनी में भारतीय दूतावास के एक बयान के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है जिसका सामना एकजुट वैश्विक प्रतिक्रिया से किया जाना चाहिए। जर्मन वार्ताकारों ने चर्चा का स्वागत किया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संसद के अधिकारियों, विदेश नीति और रक्षा समिति के प्रमुख सदस्यों और कोनराड एडेनॉयर स्टिफ्टंग (केएएस) जैसे प्रमुख थिंक-टैंक से भी मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत बहुपक्षीय प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा की और आतंकवाद, रक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर गहन सहयोग की संभावना तलाशी।

### भारत में कोरोना के सक्रिय...

तक पहुंच गयी। कर्नाटक में कोविड-19 के 75 नये मामले दर्ज किये गये। राज्य में अब तक इस संक्रमण से 366 लोग प्रभावित हुये हैं। महाराष्ट्र 600 मामलों के आंकड़े को छू रहा है। केरल में हुयी तीन मौतों में 51 वर्षीय एक मरीज ने किडनी ट्रांसप्लांट करायी थी। एक 64 वर्षीय व्यक्ति मधुमेह, कैंसर और किडनी की बीमारी से पीड़ित था और एक 92 वर्षीय व्यक्ति हृदय रोग और कैंसर से ग्रस्त था। सभी को श्वसन संबंधी जटिलताएं थीं और उनका कोविड-19 परीक्षण पॉजिटिव आया था। कर्नाटक में दो मौतें हुईं, जिनमें 46 वर्षीय और एक 78 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। दोनों को पहले से ही हृदय और फेफड़ों की बीमारी थी। इन मौतों के लिए श्वसन संबंधी जटिलताएँ प्रमुख कारण थीं। स्वास्थ्य अधिकारी नए वेरिएंट और स्थानीय स्तर पर संक्रमण में वृद्धि की चिंताओं के बीच स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं।

कोविड-19 की मौजूदा स्थिति और तैयारी के उपायों का आकलन करने के लिए आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपात प्रबंधन प्रतिक्रिया (ईएमआर) प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठकें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में दो जून और तीन जून को हुईं।

### ज्योति और जसबीर की गिरफ्तारी...

भारत में जासूसी के आरोपी जसबीर की गिरफ्तारी से नासिर ढिल्लो बौखलाया हुआ है। भारत में पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क में पाकिस्तान के पूर्व पुलिसकर्मी और यूट्यूबर नासिर ढिल्लो का भी नाम आने के बाद नासिर ढिल्लो के सोशल मीडिया पेज पर फॉलोअर्स तेजी से कम हो रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 2000 लोगों ने नासिर ढिल्लो को अनफॉलो किया है। इसके बाद नासिर ढिल्लो ने एक वीडियो शेयर की है। इसमें नासिर ढिल्लो ने पंजाब पुलिस की जांच पर सवाल उठाए हैं। नासिर ढिल्लो ने पंजाब के डीजीपी का नाम लेकर सवाल उठाए हैं। नासिर ढिल्लो ने पाकिस्तान से वीडियो जारी कर पंजाब के डीजीपी से माफी मांगने को कहा है। वहीं इस वीडियो भी नासिर ढिल्लो ने माना कि वो जसबीर के संपर्क में था। नासिर ढिल्लो ने कबूल किया कि 2024 से जसबीर की गिरफ्तारी तक दोनों के बीच लगातार बातचीत हुई। नासिर ढिल्लो, जसबीर से हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग करता था। नासिर ढिल्लो ने दानिश को पाक अम्बेसडर का पीए बताया है। इसके अलावा जसबीर और ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी से बौखलाए नासिर ढिल्लो ने कहा कि पाकिस्तान की सही तस्वीर दिखाने पर ज्योति मल्होत्रा और जसबीर पर कार्रवाई हुई है। उसने कहा है कि जसबीर की गिरफ्तारी पंजाब में फूट डालने की कोशिश है।

### देश की आजादी किसी एक व्यक्ति

होता है। इससे पहले 5 जून को आरएसएस प्रमुख ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले की कड़ी निंदा की थी और भारतीय सेना की त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की सराहना की थी। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक ताकतों से इस घटना के बाद उभरी एकता की भावना को बनाए रखने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम में एक बर्बर हमला हुआ।

# भाजपा गुरुनानक मंडल ने आयोजित की मंडल कार्यशाला



भोपाल (हिनप्र)।

**भाजपा गुरुनानक मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के अमृत काल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला को पाठशाला की तर्ज पर आयोजित किया गया था।**

कार्यशाला में प्रधानमंत्री के सफलतम 11 वर्षों के पूर्ण होने पर एक विशेष वीडियो को लॉन्च किया गया। इसके अलावा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस, विश्व योग दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस को बूथों पर आयोजित करने की चर्चा की गई। कार्यशाला से पूर्व एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। गुरुनानक मंडल के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास के नए आयाम छुए हैं। उन्होंने देश को एक नई दिशा दिखाई है और हमें गर्व है कि हमारे प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता ने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, उनके कार्यकाल में भारत ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं और हमें उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके विचारों को अपनाने के लिए काम करना होगा। विकसित भारत के अमृत काल में प्रधानमंत्री जी के विजन को साकार करते हुए देश और अधिक विकसित और समृद्ध बनने जा रहा है।

कार्यशाला में महेश मकवाना, मांगीलाल वाजपेयी, सरोज आसेरी, भगवान् दास ढालिया, यतिन मकवाना, सुनील सराठे, मुकेश सोलंकी, नरेंद्र ठाकुर, राजा शर्मा, राम जीवन मकोरिया, कैलाश हिरवे, दीपचंद् तिवारी, सुकांति ठकुरिया, राजकुमारी डागो, लक्ष्मी महाजन, पाना बाई, कुसुम हिरवे, मीरा बाई, गोवर्धन अहिरवार, नितिन बम्मन, सुनील शुकरवारे, अजय सरवैया, संदीप कल्याने, अतुल घेंघाट, अजय प्रजापति, विवेक तिवारी सहित युवा साथी उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील हुजूर जिला भोपाल**

प्र. क्र. 9992/अ-6/2024-25
ग्राम का नाम : अगरिया
प.ह.नं. तहसील हुजूर भोपाल

**इश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक यादव पिता अनिल यादव निवासी मकान नं. 17 मोतीलाल नगर नियर अखिलेश मंदिर पुलिया बायपास रोड करोंद भोपाल ने एक आवेदन पत्र मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया कि उनकी ग्राम अगरिया की भूमि खसरा क्रमांक पुराना खसरा 24/1 नवीन खसरा 61 रकबा 1.428 हे. भूमि अभिलेखों में प्रेमबाई पत्नी प्रभूलाल निवासी करोद भोपाल के नाम दर्ज की मृत्यु दिनांक 12.11.2021 को हो चुकी है दादी ने उक्त संपूर्ण भूमि की एक वसीतयनामां पंजीयन क्रमांक एम.पी.059712021ए 3033267 दिनांक 11.01.2021 को आवेदक के नाम पर की थी अब वसीतय नामा के आधार पर नामांतरण राजस्व अभिलेखों में अपने नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। जिसका प्रकरण नामांतरण हेतु इस न्यायालय में प्रचलित है। अतः उक्त भूमि का नामांतरण आवेदक के नाम किये जाने में जिस भी किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ती हो तो वह अपनी आपत्ती का आवेदन पत्र प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 16.06.2025 के पूर्व इस न्यायालय मे स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वाद म्याद बीतने के पश्चात् प्राप्त आपत्ती पर विचार नहीं किया जावेगा एंव प्रकरण में नामांतरण की अग्रिम कार्यावाही की जावेगी। उक्त इश्तहार आज दिनांक किया गया। को मेरे हस्ताक्षर मेरे न्यायालय की पद मुद्रा से जारी 06.06.2025 किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील हुजूर जिला भोपाल**
772



**IN THE COURT OF III ADDITIONAL JUDGE TO THE COURT OF I ADDITIONAL DISTRICT AND SESSION JUDGE BHOPAL (M.P.)**
**PERSIDENT OFFICER:**
**Shri Ajay Neel Karothiya**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दू अवयस्कता और संरक्षकता अधिनियम,1056

प्र. क्र. MJC/195/2025
श्रीमती देवकला ... आवेदिका **विरुद्ध**
सर्वसाधारण ... अनावेदक
प्रोसेस आईडी पेशी दि. 4/7/2025
प्रेषित- 1. सर्वसाधारण पता - सर्वसाधारण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका देवकला पत्नि स्व. श्री गीता प्रसाद आयु 38 वर्ष निवासी 88 बकानिया, खजूरी सडक, भोपाल (म.प्र) द्वारा इस न्यायालय में अवयस्य के लाभ के लिए अवयस्य के हिस्से की संपत्ति का विक्रय उनके संरक्षक द्वारा किये जाने के आदेश पारित करने हेतु आवेदन किया गया है जिसकी सुनवाई 04.07.2025 है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में किसी प्रकार का कोई हित है अथवा आपत्ति है तो पेशी दिनांक 04.07.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। आज दि 19.5.25 को मेरे हस्ताक्षर से ओर इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। **कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**अजय नील करोठिया**
**प्रथम जिला न्यायाधीश के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भोपाल (म.प्र.)**
770



परिशिष्ट B-संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय, भोपाल**
**सोलहवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमसीसी/1522/2018
प्रमोद सिंह बनाम कुलदीप भट्ट
NEXT DATE : 10.07.2025
प्रेषिती, कुलदीप भट्ट पताः मकान नंबर बी-128, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी प्रमोद सिंह ने आपके विरुद्ध एमएसीसी/1522/2018 के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय मैं सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13.5.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**विजय कुमार शर्मा, न्यायाधीश**
**सोलहवें जिला न्यायाधीश, भोपाल**
771



**कार्यालय थाना प्रभारी थाना मंगलवारा नगरीय पुलिस जिला भोपाल (म.प्र.)**

**आम इश्तहार सूचना**

**क्र./थाना/मंगल/भो/डी-14.3/25** **दिनांक 28.05.2025**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि पुलिस थाना मंगलवारा जिला भोपाल के 25 पुलिस एक्ट के प्रकरण क्र. 01/24 में जप्त शुदा दो पहिया /चार पहिया वाहन विभित्र कम्पनियो माल क्रमशः कुल वाहन 14 नग वाहन मैक. क्र. /जरजर एवं कबाड़ हालात में है, जो काफी समय से कण्डम की स्थिति में थाना प्रांगण में थाना मंगलवारा में रखे हुये है, उपरोक्त जप्तशुदा दो/चार पहिया वाहन / अन्य माल-नगा 25 पुलिस एक्ट में है इन वाहनो के स्वामित्व हेतु धारको को स्वामित्वदारी का आग इश्तहार के व्दारा सूचित किया जाता है कि उक्त जप्तशुदा वाहनों के मालिकाना हक हेतु थाना मंगलवारा में थाना प्रभारी को आवेदन कर अपने वाहन के मूल वैध दस्तावेजों के उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत कर वाहन प्राप्त करे अन्यथा वाहन की नीलामी निष्पादित कि जावेगी नियत तिथि दिनांक के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**थाना मंगलवारा सूची लावारिस वाहन ऑपरेशन क्लीन आउट 2024**

| सं.क्र. | जप्ती वाहन का प्रकार | रजिस्ट्रेशन नं. | इंजन नं. | चैचिस नं. | वाहनों की अवस्था का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | दो पहिया CBZ | MP04-MW-7450 | KC12EBAGJ0833G | MBLKC12ECAGJ08615 | ठीक |
| 02 | दो पहिया Pulser 150 | बिना नम्बर | DHZCFC38502 | MD2A11CZ5FCC62537 | सामान्य |
| 03 | दो पहिया Activa | MP-04-SJ-4591 | JC44E-1780385 | ME4JC448MB8669360 | सामान्य |
| 04 | दो पहिया हीरो होण्डा पेशन | MP37-B-7604 | 02F21M06548 | 02F21C11873 | सामान्य |
| 05 | दो पहिया Active | बिना नम्बर | JF50E80785841 | अस्पष्ट | सामान्य |
| 06 | दो पहिया CD 110 | बिना नम्बर | JC67E-8-0100095 | ME4JC671DF8100087 | सामान्य |
| 07 | दो पहिया स्पलेण्डर | बिना नम्बर | 01L18M18014 | 00M20F01725 | सामान्य |
| 08 | दो पहिया TVS Wego | MP-04-SJ-1230 | 06HB1198314 | MD626AG46B1H94839 | सामान्य |
| 09 | दो पहिया TVS Apache | बिना नम्बर | अस्पष्ट | इंजन नहीं है | इंजन नहीं है |
| 10 | दो पहिया TVS Jupiter | बिना नम्बर | EG4KK1X07281 | MD626EG46K1k12968 | सामान्य |
| 11 | दो पहिया Activa | बिना नम्बर | JF50E-7-5267526 | --JES07HH7267506 | सामान्य |
| 12 | दो पहिया Activa | बिना नम्बर | इंजन नहीं है | अस्पष्ट | सामान्य |
| 13 | दो पहिया यामाहा YBR | MP-04-AM-8663 | STSG001083 | ME15TSOG5B2001061 | सामान्य |
| 14 | दो पहिया स्पलेण्डर | CG07-AE-9078 | HA10EJ09021063 | MBLHA10AMC9D14179 | सामान्य |

**थाना प्रभारी थाना मंगलवारा नगरीय पुलिस जिला भोपाल (म.प्र.)**